# तीन निजी कंपनियां बीपीसीएल को चलाने के लिए तैयार : नंदी

## उम्मीद

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने भारत पम्प्स एवं कम्प्रेशर्स लिमिटेड नैनी प्रयागराज (बीपीसीएल) और नैनी औद्योगिक क्षेत्र में उद्योग को बचाने के लिए बुधवार को केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री महेंद्रनाथ पांडेय को पत्र लिखा है। इसमें कहा है कि बीपीसीएल को तीन निजी कंपनियां चलाना चाहती हैं। उन्होंने केंद्र सरकार के स्तर पर एक बैठक आयोजित करने की मांग की है।

उन्होंने केंद्रीय मंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि बीपीसीएल को 295 एकड़ भूमि राज्य सरकार ने मुफ्त दी है, लेकिन कंपनी के नाम लीज डीड नहीं हुई है। भवन और प्लांट के स्थायी निर्माण के साथ भूमि वापस लेने की यह अपेक्षा की गई है। कंपनी के प्लांट, मशीनरी व चल संपत्ति को डीपीई, सरकार की गाइड लाइंस के अनुसार एमएसटीसी लिमिटेड के माध्यम से ई-ऑक्सन से मिलने पैसे से केंद्र सरकार के ऋण की यथा संभव अदायगी करे जबकि बीपीसीएल की चल-अचल संपत्ति व टेक्नोलॉजी को एक साथ खरीदने में तीन निजी कंपनियों ने रुचि दिखाई है।

## औद्योगिक भूखंड के लिए नीति सरल होगी

लखनऊ। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने कहा है कि उद्योगों के लिए लैंड बैंक तैयार करने की प्रस्तावित नीति को और सरल किया जाए। वह बुधवार को सरकारी आवास पर औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा भूखंडों के लिए तैयार की जा रही नई नीति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सालों से बंद पड़ी कई इकाईयां चालू नहीं हो पा रही हैं और न ही अपने जमीन को निकाल पा रही हैं।